## ★ प्रस्ताव 6 के पक्ष में तर्क ★

*प्रस्ताव 6: California की कारावास प्रणाली में दासता को समाप्त करना*

प्रस्ताव 6 पर हाँ में मतदान करें। प्रस्ताव 6 California के अंदर दासता और अस्वैच्छिक दासता के सभी रूपों को समाप्त करता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि कोई व्यक्ति ऐसी शर्तों के अधीन नहीं है, चाहे उसकी कारावास परिस्थितियाँ कोई भी क्यों न हों।

*प्रस्ताव 6 जबरन मजदूरी को समाप्त करके मानव गरिमा को लौटाता है, जो दासता का निर्माण करती है और मानव अधिकारों का उल्लंघन करती है।* कैदी लोगों की गरिमा बनी रहनी चाहिए और एजेंसी को पुनर्वास मार्ग का अनुसरण करना चाहिए क्योंकि जबरन मजदूरी किसी पुनर्वास उद्देश्य को पूरा नहीं करती। यह संशोधन मानव अधिकारों के महत्व पर ज़ोर देते हुए, स्वैच्छिक काम के कार्यभार की अनुमति देने की नैतिक अनिवार्यताओं पर ध्यान केंद्रित करता है।

*प्रस्ताव 6 पुनर्वास को प्राथमिकता देकर सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाता है।* जेलों में जबरन मजदूरी अमानवीय और अनुचित है, जो अकसर हिंसा, कालकोठरी की सजा और सेवाएँ दिए जाने से इनकार जैसी कठोर सजाओं का कारण बनती है। ये पद्धतियां पुनर्वास को कमज़ोर करती हैं और दूसरा अपराध करने की संभावना को बढ़ाती हैं। इसके विपरीत, प्रस्ताव 6 कारावास में स्वैच्छिक काम संबंधी कार्यक्रमों का विस्तार करता है और गरिमा, पसंद और पुनर्वास को सुनिश्चित करता है। कैदी व्यक्ति शिक्षा, नौकरी प्रशिक्षण और ऐसे अन्य कार्यक्रमों में स्वैच्छिक तौर पर हिस्सा लेगें, जो California वासियों के विरुद्ध अपराधों को रोकने में मदद करते हैं।

6

*व्यापक समर्थन से दासता को समाप्त करना द्विदलीय प्राथमिकता है।* ACA 8, जिसे अब प्रस्ताव 6 के रूप में जाना जाता है, सदन में सर्वसम्मति से (68-0) और राज्यसभा में भारी अनुमोदन (33-3) के साथ पारित हुआ है। California उन 16 राज्यों में से एक है, जो अभी भी इस पद्धति की अनुमति देते हैं, जो सुधार की तात्कालिक ज़रूरत को उजागर करता है।

*प्रस्ताव 6, 13वें संशोधन के California के संस्करण में कमियों को समाप्त करके राष्ट्रीय आंदोलन का समर्थन करता है।* हालांकि ये संघीय कानून को नहीं बदलता, फिर भी ये California में जबरन मजदूरी की रोकथाम करके न्याय को कायम रखता है। स्वैच्छिक काम संबंधी कार्यक्रम पूर्व कैदी व्यक्तियों की समाज में फिर से एकीकरण करने में सहायता करते हुए, कौशल विकास और पुनर्वास की पेशकश करके फिर से अपराध करने को कम करते हैं। उत्पादक कार्य, गरिमा पर आधारित, पूर्व कैदी लोगों को उनके प्रयासों के प्रमाण के तौर पर उनके कार्य अनुभवों का प्रयोग करने देकर फिर से एकीकरण की अनुमति देता है।

कई राज्यों ने उन कमियों को समाप्त करने के लिए अपने संविधानों को संशोधित किया है, जो जबरन मजदूरी और कुछ स्थितियों के अंतर्गत अस्वैच्छिक दासता की अनुमति देती हैं। इसमें शामिल है महत्वपूर्ण मतदाता समर्थन: Colorado (2018) में 66%, Utah में 80% से अधिक और Nebraska (2020) में 68% से अधिक। 2022 में, ऐसे ही विधेयकों ने Alabama में 76%, Oregon में 55% से अधिक, Tennessee में 79% से अधिक और Vermont में 88% से अधिक अनुमोदन देखा। Nevada भी 2024 के चुनाव में मतदाताओं के समक्ष इस समस्या का हवाला दे रहा है। इसके अलावा, संघीय विधायक 13वें संशोधन में सीनेट संयुक्त संकल्प 33 में इस कमी को समाप्त करने के लिए यह सत्र को पेश कर रहे हैं, जो सीनेट के सदस्यों Jeff Merkley और Cory Booker, और प्रतिनिधि Nikema Williams द्वारा संयुक्त सभा संकल्प 72 द्वारा पेश किया गया है।

**Lori Wilson**, असेम्बली सदस्या
California विधानसभा

**Dolores Huerta**, कार्यकारी निदेशक
Dolores Huerta संस्थान

**Stephen Downing**, डिप्टी चीफ (रिटायर्ड)
कानून प्रवर्तन कार्रवाई साझेदारी


इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी की राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

★ प्रस्ताव 6 के विरुद्ध तर्क ★

# प्रस्ताव 6 के विरुद्ध कोई तर्क पेश नहीं किए गए थे।



इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।